प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

फायरिंग की घटना का सफल अनावरण

वाद-विवाद में फायर करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अवैध तंमचा बरामद

दिनांक- 14.10.2026

पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत अपराधियों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही एवम् वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस को निर्देशित किया गया है।

उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर श्री विनय कुमार यादव के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा **मु0अ0सं0 309/2026 धारा 109(1)/352 BNS** में वांछित अभियुक्त **मोहित मिश्रा उर्फ मंगल पुत्र दिनेश मिश्रा निवासी ग्राम लोनियनपुरवा थाना कोतवाली नगर सीतापुर को कैंचीपुल ढलान शिव मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है।**

घटना का संक्षिप्त सारांश:- दिनांक 11.10.26 को मजदरुब किशन मिश्रा पुत्र सुशील कुमार मिश्रा निवासी नई बस्ती थाना कोतवाली नगर सीतापुर व अभियुक्त मोहित उर्फ मंगल मिश्रा पुत्र दिनेश मिश्रा निवासी लोनियन पुरवा थाना कोतवाली नगर के मध्य लोनियनपुरवा में स्थित वेज कवाब पराठा के ठेले पर आपस में विवाद हो गया। जिसमें अभियुक्त मोहित द्वारा किशन मिश्रा के ऊपर फायर कर दिया जिससे गोली कमर में लगी थी। तत्काल मज़रूब को बेहतर उपचार हेतु ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया है। जहां वो इलाजरत है तथा हालत स्थिर है। जिसमें मजरूब के परिवारीजन द्वारा प्राप्त तहरीर पर मु.अ.सं. 309/26 धारा 109(1)/352 बीएनएस बनाम **मोहित मिश्रा उर्फ मंगल पुत्र दिनेश मिश्रा निवासी ग्राम लोनियनपुरवा थाना कोतवाली नगर सीतापुर** पंजीकृत किया गया था । जिसमें आज अभियुक्त उपरोक्त की गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 25(1-b)A act की बढ़ोत्तरी करते हुए चतालान मा.न्यायालय किया जा रहा है।

अभियुक्त का नाम/पता:-

मोहित मिश्रा उर्फ मंगल पुत्र दिनेश मिश्रा निवासी ग्राम लोनियनपुरवा थाना कोतवाली नगर सीतापुर

अभियोग - मु0अ0स0 309/2026 धारा 109 (1)/352 BNS व 25(1-b)A act थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर

बरामदगी- एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिदां कारतूस 315 बोर बरामद

पुलिस टीम – प्रभारी निरीक्षक दिनेश पाण्डेय, उ0नि0 अश्मित भारती का0 आशीष मौर्य, सुनील कुमार